## सरोवर चौपाटी पर शेड व रेलिंग लगेगी

### नगर परिषद अध्यक्ष ने स्थल का किया निरीक्षण



**शहडोल, देशबन्धु।** श्रीराम जानकी मंदिर के निकट श्रीनारायण सरोवर चौपाटी स्थल पर नगर परिषद बुढार द्वारा चौपाटी लगाने वाले व्यवसायियों को वर्तमान वर्षाकालीन समय को देखते हुये छायादार शेड का निर्माण कराया जायेगा। साथ ही उक्त व्यावसायिक स्थल पर व्यवस्थित आवागमन को देखते हुये लोहे के रेलिंग का निर्माण कार्य भी त्वरित कराया जायेगा।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने नगर के मध्य स्थित छिरहा तालाब श्रीनारायण सरोवर स्थल पर हाथ ठेले व फुटकर व्यवसायिक कारोबारियों के हितों का ध्यान रखते हुये चौपाटी की सौगात अर्जित करवायी गई है और व्यवस्थित आवागमन की सुविधा का ध्यान रखते हुये मंगलवार को चौपाटी स्थल पर नगर परिषद अमले के साथ अवलोकन की और चौपाटी लगाने वाले व्यवसायियों को वर्तमान वर्षाकालीन समय के उत्पन्न समस्या को देखते हुये सेड निर्माण का निर्देश दिये वहीं व्यवस्थित आवागमन की सुविधा हेतु श्रीनारायण सरोवर स्थल पर लोहे के रेलिंग लगवाये जानें का निर्देश दिये और यह सौगात चौपाटी व्यवसायियों को त्वरित मिल सकेगी।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने नगर परिषद क्षेत्र वार्ड क्र. 9 में नागरिकों तथा चौपाटी व्यवसायियों के आशाओं के अनुरूप अर्जित करवायी है, जिसकी सराहना की जा रही है।

श्रीनारायण सरोवर छिरहा तालाब चौपाटी कार्यस्थल के अवलोकन अवसर पर नगर परिषद सीएमओ. सौरभ श्रीवास्तव, पार्षद मो. शाहिद खान (चीनी), संजय द्विवेदी सहित नागरिकों व नगर परिषद अमला भी उपस्थित रहा।

## रिटायर होने के बाद परेशान है लाइनमैन

### कमिश्नर कार्यालय में आयोजित हुई जनसुनवाई

**शहडोल, देशबन्धु।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में शहडोल जिले के जयसिंहनगर निवासी अयोध्या प्रसाद पाण्डेय ने आवेदन देकर बताया कि मै 30 सितम्बर 2024 को विद्युत लाइन मैन के पद से सेवा निवृत्त हो चुका हूं। सेवा निवृत्त के पूर्व मेरे समर्पित अवकाश का नगदीकरण भुगतान नही किया गया, शहडोल जिले ग्राम बंधवाबंडा निवासी अमसिया बैगा ने अपने पति बिकई बैगा जेल प्रहरी जिला जेल उमरिया के विरूद्घ घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत कार्यवाही कराने, अनूपपुर जिले के ग्राम प?मनिया तहसील पुष्पराजगढ निवासी सरोज बाई ने ला?ली बहना योजना का लाभ दिलाने हेतु आवेदन कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता को दिए।

जिस पर कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए।

## दिव्य मुस्कान महिला क्लब ने दुकानदारों को छतरियां भेंट कीं



**शहडोल, देशबन्धु।** सामाजिक क्षेत्र में कमजोर वर्ग की जरुरतों को ध्यान में रख कर दिव्य मुस्कान महिला क्लब ने निभा गुप्ता की अध्यक्षता में सदस्य बहनों के साथ शहर भ्रमण करते हुये सड़क किनारे बैठकर रेहड़ी दूकानदारों के दुःख को महसूस किया और उन्हें बड़ी छतरियां भेंट की।

ताकि वह धूप और बारिश की मार से बचकर अपने परिवार का भरण- पोषण कर सकें, साथ ही स्वयं भी स्वस्थ रहें। टीम के साथ कुदरी ग्राम मार्ग पर लोगों से भेंट करते हुये क्लब की अध्यक्ष निभा गुप्ता ने कहा कि इस काम में सामाजिक स्तर पर लोगों को भी मानवीय भावना से उन लोगों का हौसला बढाना चाहिये जो स्वाभिमान के साथ परिवार की जिम्मेदारियां सम्हाल रहे हैं।

गुप्ता ने पूर्व में भी इसी क्लब के माध्यम से सभी सदस्यों का सहयोग ले कर जरुरतमंदों को संबल प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि हर एक की जरुरत को सिर्फ सरकार पर छोड़ कर चुप बैठना दरसल अपनी ही जबाबदारी से भागना होता है और अच्छे काम करने से आत्मीय संतुष्टी मिलती है।

इस अवसर पर क्लब की संरक्षिका मंजू गुप्ता, उपाध्यक्ष छाया गुप्ता, सचिव अंजना सिंह आर्य और सदस्य किरण श्रीवास्तव, शशि गुप्ता, स्वाति गुप्ता, संजू मोर, प्रेमलता जायसवाल, सरोज तिवारी भी उपस्थित रहीं।

## सार-समाचार

### उमरिया के पुलिस विभाग में बदलाव, 72 पुलिसकर्मियों को मिली नई तैनाती




**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में पुलिस विभाग में ट्रांसफर किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। ट्रांसफर आदेश में सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक, आरक्षक और महिला आरक्षकों को शामिल किया गया है। नए आदेश के अनुसार, 72 पुलिसकर्मियों को कई थानों में नई तैनाती दी गई है। इनमें थाना कोतवाली, नौरोजाबाद, चंदिया, इंदवार, महिला थाना, यातायात और अजाक थाना शामिल हैं। यह स्थानांतरण विभाग की कार्यक्षमता को बढ़ाने और बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए किया गया है।

### अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्धु।** उमरिया जिले के आदिवासी विकास खंड पाली नगर और गांवों में अघोषित बिजली कटौती से जन मानस कराह उठा है। अघोषित बिजली कटौती की इस त्रासदी को लेकर काग्रेस ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली को एक ज्ञापन सौंपते हुए बिजली कटौती पर रोक लगाने की मांग की है। विदित होवे की कांग्रेस के एक जनप्रतिनिधि मंडल ने बिजली समस्या से निपटने का आग्रह किया है। आपने बताया कि पाली नगर में संजय गाँधी ताप परियोजना बिजली उत्पादन के लिए जाना जाता है, और यहाँ पर जिस तरह से बिजली कटौती की जाती है उससे सभी वर्गों के लोग प्रभावित हो रहें हैं, वह खेतों में काम करने वाला गाँव का किसान हो, चाहे शहर में दुकान चलाने वाले व्यापारी सभी बिजली समस्या से जुझ रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार कटौती पर रोक लगाते हुए सरप्लस बिजली की बात करती है फिर भी आये दिन, किसी भी समय बिजली कटौती की जा रही है। बिजली की यह समस्या दिन रात बराबर चलती रहती है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए ज्ञापन सौंपा गया है। कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि अगर समस्या का समय पर निदान नहीं किया गया तो कांग्रेस आंदोलन छेडने के लिए विवश होगी। कांग्रेस के जनप्रतिनिधि मंडल रवि मिश्रा, के नेतृत्व में पूर्व पार्षद कृष्ण कांत अवधिया, बलराम प्रजापति, मंडलम अध्यक्ष राम बिहारी उपाध्याय, रमेश सिंह,, पूर्व एन एस यू आई अध्यक्ष सनू प्रकाश उपाध्याय, दिलीप महोबिया, बंटी वर्मा,, दिलीप त्रिपाठी, रजनीश तिवारी, जावेद खान, रवि प्रजापति, सुनील गुप्ता, विजय गुप्ता के साथ अन्य लोग शामिल रहे।कांग्रेस जनो को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने कहा कि इस समस्या के बारे में शांति समिति के बैठक के दौरान भी बिजली कटौती की समस्या आयी थी उस दौरान भी पहल की गई थी, इस पर पहल कर बिजली कटौती रोकने का हल निकाला जायेगा।

### देवगवा खुर्द के सचिव को जारी हुआ कारण बताओ नोटिस

**उमरिया, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के हाई प्रोफाइल ग्राम पंचायत के सचिव जो कि उमरिया जिले के करकेली जनपद पंचायत के देवगवा खुर्द ग्राम पंचायत में पदस्थ होकर मनमर्जी का राज चला रहे हैं, जिनकी दर्जनों शिकायत कलेक्टर उमरिया समेत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाली और जिला पंचायत उमरिया में रिकार्ड में दर्ज होने के बाद भी जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी अभय सिंह ओहरिया की कृपा दृष्टि के अभय वरदान के चलते ग्राम पंचायत में बिना गये, बिना काम किये एक सामाज्य काबिज किये हुए हैं है , और बिना काम किये ही दशको से वेतन भुगतान का लाभ लेकर ज्वाला धाम से ही हुकुमत चला रहे हैं। पिछले दिनों जनपद स्तरीय बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में ग्राम पंचायत की समीक्षा में देवगवा खुर्द की प्रगति संतोष जनक न पाये जाने के कारण अंततः जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी अभय सिंह ओहरिया ने कारण बताओं नोटिस जारी कर तीन दिवस के अन्दर जबाब मांगा है।यद्यपि समीक्षा बैठक के दौरान एक उपयंत्री समेत अन्य कई सचिवों को निलंबित करते हुए, कई सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है, उनमें यह भी शामिल हैं।ज्ञात होवे की यह पंचायत सचिव जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के आदेशों को कभी तव्वजो नहीं देते, यही वजह है कि अगर देखा जाये तो यह पंचायत सचिव कभी भी जनपद स्तरीय बैठक और जिला स्तरीय बैठको में भाग नहीं लेते , इस बैठक में भी वह अनुपस्थिति ही रहे। फिर भी मिली नोटिस में इस बात का उल्लेख नहीं किया गया।

## कार्य में नहीं दिखी प्रगति तो सीईओ ने उपयंत्री को जारी किया शोकाज नोटिस

### छह सचिवों को किया निलंबित



**उमरिया, देशबन्धु।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया ने 'जल गंगा संवर्धन अभियान', सी.एम. हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण की समीक्षा बैठक ली। कार्यों की प्रगति उचित नहीं होने पर उपयंत्री दीपक तिवारी सेक्टर बांका को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। वहीं पांच सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

सचिव ग्राम पंचायत चंदवार पदम सिंह, सचिव ग्राम पंचायत पटपरा अनूप सिंह, सचिव ग्राम पंचायत सलैया 13 मुन्ना सिंह, सचिव ग्राम पंचायत पतरेई श्यामलाल विश्वकर्मा, सचिव ग्राम पंचायत पथरहठा धर्मेन्द्र बैगा और पंचायत सचिव ग्राम पंचायत कल्दा के गेंद सिंह को सीईओ ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सभी का मुख्यालय जनपद पंचायत करकेली नियत किया गया है।

**सचिव व रोजगार सहायकों को नोटिस**

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बेलसरा के सचिव व ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत भरौला सचिव, ग्राम पंचायत खेरवाखुर्द के सचिव व ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत किरनतालकला के सचिव, ग्राम पंचायत अंचला के सचिव व ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत बांका सचिव, ग्राम पंचायत बरहटा सचिव, ग्राम पंचायत धनवाही सचिव, ग्राम पंचायत कोयलारी-63 सचिव, ग्राम पंचायत मझगवां 18 ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत बरही के सचिव व ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम पंचायत देवगवांखुर्द के सचिव व ग्राम रोजगार सहायक को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है।

## युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान : कलेक्टर



**उमरिया, देशबन्धु।** नशा करने से जहां एक ओर शरीर को नुकसान पहुंचता है, वहीं घर परिवार में कलह भी उत्पन्न होती है। नशा नाश का कारण बनता जा रहा है। नशीले पदार्थों के सेवन से गंभीर सामाजिक, मनोवैज्ञानिक और शारीरिक समस्याएं होती हैं। युवा राष्ट्र की ऊर्जा होते हैं तथा युवाओं की शक्ति का समाज एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए आवश्यक है कि नशामुक्त भारत अभियान में अधिकाधिक संख्या में युवा जुड़े।


उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कलेक्टर सभागार में आयोजित नशा मुक्त भारत अभियान 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाये जाने के लिए आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होने कहा कि नशा से आम जनों को बचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाए। आम जनों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाए।

उन्होंने उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग दिव्या गुप्ता से कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों से 100 मीटर की परिधि के अंदर स्थापित पान ठेलों की दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जाए। नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरूकता लाने के लिए आम जनों के बीच नशा नही करने की शपथ दिलाई जाए। नगर में कचरा एकत्रित करने वाले कचरा वाहन से भी इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। बैठक में उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग दिव्या गुप्ता ने बताया कि नशा मुक्त अभियान अंतर्गत 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस मनाया जाएगा। आम जनों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया जाएगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, संयुक्त कलेक्टर रीता डेहरिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, एसडीएम मानपुर टी आर नाग, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, हरनीत कौर कलसी सीईओ जनपद पंचायत करकेली सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

**सड़क किनारे लग रही सब्जी दुकानों को हटाने के निर्देश**

समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह को निर्देशित किया है कि नगर में सडक़ के किनारे लग रही सब्जी दुकानों को हटाने की कार्रवाई की जाए तथा उन्हें नव निर्मित सब्जी मंडी पर लगाने की समझाइश दी जाए।

## इन दिनों अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में इन दिनों जगह जगह शासकीय बेशकीमती जमीनों पर दबंगों का कब्जा के चर्चा बाजर में बनें हुए हैं लेकिन उन पर अंकुश लगाने की जगह संरक्षण दिया जा रहा है।

सूत्रो के अनुसार पाली तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत घुनघुटी नेशनल हाईवे से लगी करोड़ों की बेशकीमती शासकीय भूमि पर उक्त दबंगों द्वारा फाइव स्टार होटल नुमा निमार्ण कार्य किया जा रहा है साथ ही बगल से बह रही छोटी जीवन दायिनी नदी को भी पाट कर अतिक्रमण की रेस जारी है।

जहां गांव गरीब जनता को दो कमरे की जगह दिलानेमें अधिकारियों के व नेताओं के चक्कर लगा चप्पल घिस जाते हैं लेकिन जमीन मिलना मुश्किल है। जमीन न मिलने से कई लोगों के आवास नहीं बन पा रहे हैं। लेकिन रसुकदारो कों यह बाएं हाथ का काम है जहां मर्जी गाड़ दिया तब्बू और फिर चाहे शासन की भूमि हो या फिर जंगल की ऐसा ही मामला घुनघुटी सड़क किनारे बे रोक टोक अपने पैर पसार रहा है न शासन का डर न प्रशासन और यह चरितार्थ भी होता दिखाई दे रहा है क्योंकि दिन दुना आसियाना फैलता ही दिखाई दे रहा है।

अपुष्ट सुत्रो का कहना है कि इस करोड़ों की भूमि पर कब्जा करने वाले के ऊपर कुछ सफेद पोश के हाथ भी बताएं जा रहें हैं तभी तो उस जगह पर किसी अधिकारी की क्या मजाल जो चला जाए और न्याय संगत कार्यवाही के क़दम उठाए देखना लाजमी होंगा की नेशनल हाईवे सड़क किनारे लोगों के सपने कई दशक बीत जाते हैं की छोटी सी जमीन हमारी भी होती और यह सपना बन रह जाता है पर इतनी बड़ी करोड़ो रुपए की जमीन आखिर कैसे कब्जा कर लिया और जिम्मेदारों का भी भय नहीं है।

कुछ जागरूक ग्रामीणों ने बताया है कि इस सम्बन्ध में जल्द ही जिले के संवेदनशील कलेक्टर के पास ज उक्त निमार्ण कार्य कर रहे व्यक्ति पर कार्यवाही की गुहार लगाने की बात कही है। अब देखना होगा की शासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्या कुछ कदम उठाते हैं या फिर कुंभकर्णी निद्रा में लीन हो जाएंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

## सोहागपुर पुलिस ने वाहनों के पार्ट्स से भरा कबाड़ पकड़ा



**शहडोल, देशबन्धु।** सोहागपुर पुलिस ने वाहनों के कल पुर्जे सहित एक डग्गी को बरामद किया है। इस डग्गी में ट्रकों के 6 इंजन, 20 कमानी पट्टे, गियर बॉक्स सहित महंगे पार्ट्स भरे हुए हैं जिसे पुलिस ने जब्त किया हैं। पुलिस ने लगभग 30 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि डग्गी क्रमांक एमपी 18 जीए 3200 गोरतरा निवासी मुन्ना उर्फ यादवेन्द्र सराफ की है। सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पाण्डेय ने बताया कि इस मामले में आरोपी मुन्ना सराफ के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस बात की विवेचना की जा रही है कि यह कबाड़ कहां से लाया गया है।

## घरों के आसपास जमे पानी से बीमारी का अंदेशा

**शहडोल, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेष मिश्रा ने वर्षा ऋतु में मुख्य रूप से दूषित जल के उपयोग से होने वाली बीमारियों से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि जिले में प्री मानसून वर्षा शुरू हो गई है। शीघ्र ही वर्षाकाल शुरू हो जाएगा। वर्षाकाल में दूषित जल के सेवन से टाइफाइड, पीलिया, डायरिया, पेचिस एवं हैजा जैसी बीमारियां फैलती हैं। अतः भोजन बनाने एवं पेयजल के उपयोग में शुद्ध उबला हुआ जल का उपयोग करें। कुछ भी खाने के पहले व शौच के पश्चात साबुन से अवश्य हाथ धोयें।

पानी और अस्वच्छ आदतों से फैलने वाली बीमारियों में मोटे तौर पर दस्त, कृमि संक्रमण, त्वचा और आंखों के रोग, मच्छरों एवं मक्खियों से फैलने वाले रोग सम्मिलित हैं। बच्चों में दूषित पानी और खाद्य पदार्थों के कारण उल्टी-दस्त का प्रकोप अधिक गंभीर रूप धारण कर सकता है। स?-गले फल एवं खाद्य पदार्थो का उपयोग न करें। खुले में शौच न करें एवं शौचालय का उपयोग करें। उन्होंने बताया कि घर के आसपास साफ-सफाई रखें, दस्त लग जाने पर ओ.आर.एस. एवं जिंक सल्फेट गोली का उपयोग चिकित्सक की सलाह अनुसार करें।

खाने-पीने की वस्तुओं को ढंककर रखें, मक्खियों से बचाव करें। हरी सब्जी एवं फलों को साफ पानी से धोकर ही उपयोग करें। मानसून के दौरान बहुत से लोगों को आंखो के रोग हो जाते हैं। इस रोग को आई-फ्लू, कंजक्टिवाईटिस या आखें आना के रूप में जाना जाता है। इस रोग से बचाव के लिए बार-बार अपने हाथ एवं चेहरे को ठंडे पानी से धोयें, परिवार के सभी सदस्य अलग-अलग तौलिये एवं रूमाल का उपयोग करें, स्वच्छ पानी का उपयोग करें, बार-बार आंखों को हाथ न लगायें, धूप के चश्मे का प्रयोग करें, चिकित्सक को दिखायें। उन्होंने बताया कि बरसात में मलेरिया और डेगू रोग भी फैलता है जिसमें मरीज को ठण्ड लगकर बुखार आता है। प्रायः खेत, तालाब, गड्ढे, खाई, घर के आसपास रखे हुए टूटे-फूटे डब्बे, पुराने टायर, पशु के पानी पीने का नाद इत्यादि में बरसात के दिनो में जल जमा हो जाता है।

## नगर पालिका के नोटिस पर उठ रहे सवाल पानी टंकी गिरायी जायेगी या होगी मरम्मत



**बिरसिंहपुर पाली, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद पाली में वार्ड क्रमांक 10 में थाना के बगल में स्थित पानी टंकी जो कि एक लंबे अरसे से जीर्ण शीण अवस्था में थी, जिसे लेकर नगर पालिका परिषद पाली बमुश्किल हरकत में आ गयी है , इसको लेकर नोटिस जारी की जाकर आसपास के दुकान दारो को नोटिस जारी कर ठेलो को हटाने के निर्देश दिए गए हैं। नोटिस जारी कर कहा गया है कि 24 घंटे के अन्दर अपनी दूकान, ठेलों को हटा लिया जाये, अन्यथा अगर किसी तरह की नुकसान की स्थिति में आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

विडम्बना ही कहा जाता है कि इस नोटिस में इस टंकी की मरम्मत की जायेगी या पानी टंकी गिरायी जायेगी इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जर्जर पानी टंकी को लेकर पहले भी पत्रकारों ने सवाल खड़े किए थे। अब जब बरसात सिर पर है तब नगर पालिका परिषद के आला अधिकारियों की नींद टूटी है परन्तु यह अभी भी तय नहीं कर पाये कि पानी टंकी की मरम्मत होगी की गिरा कर पुनर्निर्माण होगा।

यह सवाल अभी भी लोगों के लिए कौतूहल का बिषय बना हुआ है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पद मुद्रा से जारी इस नोटिस को लेकर लोग चटकारे ले रहे हैं की आखिरकार इतने बड़े कुर्सी पर बैठे अधिकारियों को इतनी समझ होना चाहिए की जारी नोटिस आखिर किस बात की है।